सृजनात्मकता का अर्थ एवं परिभाषा
(Meaning and Definition of Creativity)

साधारण रूप में नये सम्बन्धों को प्रकट करना अथवा देखना ही स   जनात्मकता है। इस प्रकार की सृजनात्मकता सभी जगह सम्भव है, चाहे हम चिन्तन में लीन हों अथवा किसी खेल में कार्य कर रहे हों अथवा अध्ययन में लीन हों। हम प्रत्येक क्रिया में पूर्व सम्बन्धों को नये सम्बन्ध में परिवर्तित कर सकते हैं, पुराने आकारों को नई दिशा प्रदान कर सकते हैं। यहाँ तक कि सृजनात्मकता को पढ़ा भी जा सकता है अथवा याद भी किया जा सकता है। किसी समस्या पर कार्य करते हुए कभी-कभी ऐसा भी होता है जब आदतें कार्य नहीं करतीं, उस अवस्था में कुछ नई बातें जोड़नी पड़ती हैं। इससे यह विदित होता है कि सृजनात्मकता केवल प्रतिभाशाली व्यक्तियों तक ही सीमित नहीं हैं। प्रत्येक व्यक्ति में नये विचार, नई अन्तर्दृष्टि तथा कार्य करने का अपना ढंग होता है। सृजनशील व्यक्ति के लिए प्रत्येक विचार अथवा अभिव्यक्ति (Expression) सृजनात्मकता का उदाहरण है, चाहे दूसरे लोगों में भी इससे मिलते-जुलते विचार अथवा अभिव्यक्ति हो, पर शर्त यह है कि उस व्यक्ति के लिए वह मौलिक हो।

सृजनात्मकता को अनेक विद्वानों ने परिभाषित किया है। कुछ प्रमुख परिभाषायें निम्न प्रकार हैं—

स्टेगनर एवं कारवॉस्की (Stagner and Karwoski)—*पूर्ण रूप में अथवा आंशिक रूप में नवीन अनन्यता का उत्पादन सृजनात्मकता का द्योतक है।*

"Creativity implies the production of a totally or partially novel identity."

Scanned with CamScanner

ड्रैवडाहल (Drevdhal)—"सृजनात्मकता व्यक्ति की वह योग्यता है जिसके द्वारा हम उन वस्तुओं या विचारों का उत्पादन करते हैं जो अनिवार्य रूप से नए हों और जिन्हें वह व्यक्ति पहले से न जानता हो।"

"Creativity is the capacity of a person to produce composition, products or ideas which are essentially new, novel and previously unknown to the producer."

स्टेल (Steil)—"जब किसी कार्य का परिणाम नवीन हो और जो किसी समय में समूह के द्वारा स्वीकृत हो, उपयोगी हो, वह कार्य सृजनात्मकता कहलाता है।"

"When it results in a novel work that is accepted as tenable or useful or satisfying by a group at some point in time."

सी. वी. गुड (C. V. Good)—"सृजनात्मकता वह विचार है जो किसी समूह में विस्तृत सातत्य का निर्माण करता है। सृजनात्मकता के कारक हैं—साहचर्य, आदर्शात्मक मौलिकता, अनुकूलता, सातत्यता, लोच और तार्किक विकास की योग्यता।"

"A quality of thought to be composed by broad continue upon which all members of the Population may be placed in different degrees, the factor of creativity are tentatively described as associate and ideational fluency, originality adaptive and spontaneous flexibility and ability to make logical evolution."

पापलिया एवं ओल्डस (Paplia and olds)—"सृजनशीलता व्यक्ति की वह योग्यता है जिसके द्वारा वह वस्तुओं को नए एवं विलक्षण ढ़ग से देखता है, समस्याओं को विशेष रूप से समझता है तथा जिस रूप में पहले किसी के द्वारा न समझा गया हो और उनका एक नया विलक्षण और प्रभावी हल खोजता है।"

"Creativity is the alility to Aee things is a new and usual light, to see problems that no one else may even realive exist and then to come up with new, usual and effective solution."

क्रो एवं क्रो (Crow and Crow)—"सृजनात्मकता मौलिक परिणामों को अभिव्यक्त करने की मानसिक प्रक्रिया है।"

"Creativity is a mental process to express the original outeomes."

कोल एवं ब्रुश (Cole and Brush)—"सृजनात्मता एक मौलिक उत्पाद के रूप में मानव मन की ग्रहण करने, अभिव्यक्त करने और गुणांकन करने की योग्यता एवं क्रिया है।"

"Creativity is an alrility and activity of man's mind to group, express and appreciate in the form of an original product."

जैम्स ड्रेवर (James Drever)—"सृजनात्मकता मुख्यतः नवीन रचना या उत्पादन में अनिवार्य रूप से होती है।"

"Creativity is essentially found in new construction or production."

ड्रेवडॉल (Drevdahl)—"सृजनशीलता व्यक्ति की वह क्षमता है जिससे वह कुछ ऐसी नयी चीजों, रचनाओं और विचारों को उत्पन्न करता है, जो नए होते हैं और उससे पहले उसे ज्ञात नहीं होते।"

"Creativity is the capacity of a person to produce products, compositions or ideas which are essentially new or novel and previously unknown to the producer."

हेमोविज तथा हेमोविज (Haimowitz and Haimowitz)—"सृजनशीलता वह शक्ति है जिसके द्वारा नव परिवर्तन लाया जाता है, नयी खोज की जाती है और वस्तुओं को इस प्रकार से रखा जाता है, जिन्हें पहले न रखा गया हो और जिसके द्वारा उनका महत्त्व तथा सुन्दरता बढ़ जाती है।"

Scanned with CamScanner